तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]

11 सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री किसानों को बोनस देकर...


12 खेलकूद स्पर्धा से प्रशासन और जनता के बीच स्थापित...


हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ लेने किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम सेम्हरतरा एवं पतोरा मे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य एवं राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद चुन्नीलाल साहू के द्वारा केन्द्रीय योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के माध्यम से कृषकों से सहमति प्राप्त कर ग्राम सेम्हरतरा के कृषक धिरेन्द्र साहू के 2 एकड़ में लगाए गए चना फसल, मंशाराम साहू के 1 एकड़ में चना फसल तथा दिनेश साहू के 1.25 एकड़ चना फसल में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन की उपयोगिता देखकर सभी किसान व ग्रामीण उत्साहित हुए। नेशनल फर्टिलाईजर लिमिटेड के सौजन्य से राज्य शासन द्वारा जिले में एक ड्रोन आबंटित किया गया है जिसे जिले के प्रत्येक विकासखंडो मे प्रदर्शन किया जा रहा है। ड्रोन से नैनो यूरिया,नैनो डीएपी, सुक्ष्म पोषक तत्व,कीटनाशक आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित है। यह हवा में प्रदूषण को कम करता है साथ ही मृदा एवं पर्यावरण के लिये सुरक्षित है। ड्रोन से रसायनों का छिड़काव सामान रूप से होता है।

## ड्रोन की उपयोगिता देख किसान व ग्रामीण हुए उत्साहित



### किसान क्रेडिट कार्ड का दिया जा रहा लाभ

कार्यकम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के संरपंच सुन्दर लाल साहू, जनप्रतिनिधिगण, कृषकगण एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विकसित भारत संकल्प यात्र अंतर्गत आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों में कृषि विभाग द्वारा कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नवीन पंजीयन एवं त्रुटि सुधार तथा किसान केडिट कार्ड का लाभ दिया जा रहा है।कृषकों से अपील है कि वंचित कृषक इन कार्यक्रमों में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व किसान केडिट कार्ड योजना मे पंजीयन कराकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस हेतु आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका तथा बैंक खाता विवरण के साथ क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क करें। कार्यक्रम में राजिम एसडीएम धनंजय नेताम, जनपद सीईओ अजय पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी बीआर साहू सहित बड़ी संख्या में किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 3 लोगों की मौत

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से बाइक में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई इस घटना में प्रार्थी ताम्रध्वज साहू पिता कुशाल साहू (37 साल) ने पुलिस को बताया कि ग्राम संकरी थाना खरोरा में रहता हूं और मार्केटिंग का काम करता हूं। 24 दिसंबर को मैं अपने बहनोई बिसाहु राम साहू, बहन बिमला उर्फ सुनिता भांजी दुलारी साहू, बाबूलाल साहू, जगत राम साहू के साथ पंडरी रायपुर से तुमगांव निवासी रोहित साहू के घर में सगाई कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। सगाई कार्यक्रम समाप्त होने के बाद घर वापस अपने-अपने मोटर सायकल से जा रहे थे। मोटर सायकल क्र सीजी 04 पीडी 3756 स्प्लेंडर प्लस को मेरा बहनोई बिसाहू राम साहू चला रहा था, मोटर सायकल के पीछे मेरी छोटी बहन बिमला साहू और भांजी दुलारी साहू बैठे थे।मैं अपने मोटर सायकल में उनके पीछे-पीछे आ रहा था। इसी दौरान ग्राम गोपालपुर के पास एनएच 53 रोड में पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे बहनोई की मोटर सायकल को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मौके पर मेरा बहनोई बिसाहू साहू, बहन बिमला उर्फ सुनिता साहू, भांजी दुलारी साहू की सिर एवं पैर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई है।

### सरकारी जमीन पर मौजूद चारागाह पर अवैध कब्जा, बेदखली की मांग

**महासमुंद।** गांव के सरकारी जमीन एवं एकमात्र चारागाह पर किए जाने अवैध कब्जा को हटाने की मांग को लेकर ग्राम डोंगरीपाली के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोंगरापाली के आश्रित गांव डोंगरीपाली में सरकारी जमीन को मवेशियों के चारागाह के लिए सुरक्षित रखा गया है। यह गांव का एकमात्र चारागाह है। जिसमें, सतनामी पारा के लोगो द्वारा अवैध कब्जा कर झोपड़ी और घेरा कर खलिहान बना लिया गया है। यहां पर अब तक 15-16 झोपड़ी बना ली गई है। जिससे मवेशियों को चराने के लिए परेशानी आएगी। अवैध कब्जाधारियों को गांव स्तर पर कई बार समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, एक विशेष श्रेणी में आने के कारण उल्टा गांव वालों को ही धमकी मिल रही है। जिससे अवैध कब्जा लगातार जारी है और दिनोंदिन मवेशियों के चराने के लिए जगह की कमी पड़ती जा रही है। यदि चारागाह में इसी तरह अवैध कब्जा बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में मवेशियों के चारागाह नहीं बच पाएगा। इस दौरान डोंगरीपाली के प्रताप सिंग, गौर सिंह, लालजी, प्रेम सिंह, चैन सिंह, भगतराम, बेदब्यास सहित दर्जनों महिला एवं पुरूष मौजूद रहें।

### पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या



**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम झलप के रहने वाले अनुज सेन पिता स्व लालजी सेन 42 साल ने अपने गांव के श्मशान घाट के सिरसा पेड़ पर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

**मौसम : सुबह 8 बजे तक 10 मी. दूर की चीजें भी नहीं दिख रहीं थीं**

# ठंड से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त कोहरे से वाहनों के पहिए थमे रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के वनाचंल मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों लगातार घने कोहरे और भारी ठंड से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अर्ध रात्रि के बाद घने कोहरे के कारण 10 मीटर दूर की चीज दिखाई नहीं दे रही है। वाहनों के हेडलाईट भी काम नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण रातभर बड़े भारी वाहनों के पहिये ढाबा, होटल, गांव और जंगलो में थमें दिखाई दे रहे हैं। कोहरे का असर सुबह 8:30 बजे तक देखने को मिला रहा है। घने कोहरे के कारण नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे व अन्य छोटे - बड़े मार्गों पर वाहन बहुत धीमी गति से चल रहे हैं। अब क्षेत्र में मौसम साफ होते ही लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है। उत्तर से आ रही शुष्क हवाओं से अब ठंड अपने पूरे शवाब पर है। न्यूनतम तापमान में तगड़ी गिरावट से पूरे नगर सहित वनांचल क्षेत्र कड़ाके की ठंड के चपेट में है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांव जो पहाड़ों के ऊपर बसा है इन ग्रामों में ठंड का कहर जारी है। सुबह घांस, पेड़ - पौधों के पत्ते और पैरावट में पाला की परत जम रही है। ठंड से एक बार फिर वनांचल क्षेत्र कांप उठा है। क्षेत्र के ग्रामीण सुकलाल नेताम, सुखराम नागेश, अमर सोरी, भगतराम, लालसिंग नेताम, परस मरकाम, भागीरथी, बुद्धुराम नेताम, ईतवारी नेताम, पंचराम नेताम, मंगलसिंग कमार, लखमु कमार, गयाराम कमार ने बताया कि यह क्षेत्र घने साल जंगल से घीरा क्षेत्र हैं और चारो तरफ पहाड़ी है जिसके चलते इस क्षेत्र में मैदानी इलाकों से ज्यादा ठंड पड़ती है। इस वर्ष अचानक बदली के छटते ही ठंड बढ़ गई।

### सर्दी, खांसी व बुखार के बढ़े मरीज

मौसम में उतार चढ़ाव के चलते मौसमी बिमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। और लोग इन मौसमी बिमारियों के चपेट में आने लगे हैं। अचानक बदली व ठंड के चलते लोगों के सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है। अधिकांश लोग खासकर छोटे बच्चे और उम्र दराज लोग सर्दी, खांसी, बुखार के चपेट में आ रहे हैं, अचानक ठंड में एका-एक बढ़ोतरी होने से शाम होते ही नगर व क्षेत्र में सन्नाटा पसर रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हो रहा है। अनुविभाग कार्यालय होने के बावजूद मैनपुर में अब तक तापमान केंद्र नहीं बन पाया है। जिससे लोगों को तापमान के बारे में जानकारी मिल सके।



# विधायक ने बाइक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर के कृषि उपज मंडी परिसर में सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित धान बोनस राशि वितरण समारोह में राजिम विधायक रोहित साहू ने बाईक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बाईक एम्बुलेंस महतारी सुरक्षा के लिए बनाया गया है जिसमें गर्भवती माताओं को जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए उपयोगी होगी। जिले में सनराईज फाउंडेशन की तरफ से तीन बाईक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। इस बाईक के साईड पर गर्भवती माताओं के लिए बेडनुमा एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे गर्भवती माताओं को लिटाकर नजदीकी चिकित्सालय में उपचार के लिए आसानी से लाया जा सकता है। यह बाईक एम्बुलेंस जिले के छुरा, मैनपुर और अमलीपदर क्षेत्र के लिए उपलब्ध रहेगा।

# वीर बाल दिवस पर बच्चों की भाषण, गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

■ वीर बाल दिवस कार्यक्रम में विधायक जनक हुए शामिल

भारत सरकार ने 26 दिसम्बर को दसवे सिक्ख गुरू गोविन्द सिंह जी के पुत्रों के शहादत में स्मृति वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जिसके परिपालन में आज स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मैनपुर में विकासखण्ड स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक लाल ध्रुव उपस्थित थे। साथ ही साथ विशेष अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा के मैनपुर मण्डल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा के युवा ब्लाक अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, वरिष्ट नागरिक थानूराम पटेल काग्रेस सेवा ▸▸| शेष पेज 10 पर



### गोवर्धन को मिला उत्कृष्ट संचालक का सम्मान

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में पदस्थ शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू को चिपरीकोना (भंवरपुर) में रविवार को आयोजित महालक्ष्मी महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट मंच संचालन के लिए सम्मानित किया गया। महालक्ष्मी महोत्सव समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिदार ने बताया कि गोवर्धन साहू चिपरीकोना के प्राथमिक शाला मे लगभग दो वर्ष तक अध्यापन कार्य किया। उनके द्वारा बच्चों को पढ़ाने लिखाने के साथ देशभक्ति, सांस्कृतिक, सामाजिक जागरुकता व एकता बनाए रखने के लिए प्रयास किया जाता रहा है, जिससे लोग काफी प्रभावित व जागरूक भी हुए है तब से प्रतिवर्ष आयोजित लक्ष्मी महोत्सव में कार्यक्रम मंच संचालन के लिए उन्हें आमंत्रित करते है।

## बृजमोहन को पहनाई धान से बनी पगड़ी ...



**नवापारा-राजिम।** केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट करने भाजपा नेता टीकम चन्द साहू पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। उन्होने पिछले दो वर्ष के धान के बकाया बोनस राशि देने के लिए आभार व्यक्त किया और धान से बना पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। बधाई देने वालों में राघवेन्द्र साहू, बैशाखु साहू, किशोर साहू, हर्षवर्धन, रोली साहू, रत्नेश साहू शामिल थे।

**चौथे दिन श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में पैर रखने की नहीं बची जगह**

# शिव पार्वती विवाह की झांकी का हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में बह रही अमृतमयी संकटमोचन शिव महापुराण कथा में चतुर्थ दिवस की कथा यात्रा पंडित कृष्णा दुबे ने तेरी शरण में आ के धन्य हो गया भजन से शुरू की। उन्होंने अखिलेश्वर, अकारण, अनादि, भक्त कल्प तरू , पीतांबरधारी, श्रीराम भक्त, अजर ,अमर, अविनाशी,अनंत, हनुमानजी, लाड़ली सरकार राधा रानी के चरणों में प्रणाम करते हुए, शिव पुराण कथा की महिमा ,शिवगणों द्वारा दक्ष प्रजापति का यज्ञ विध्वंस, माता सती के शव को लेकर भोलेनाथ का धरा पर तांडव करना, भगवान विष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से सती मां के शरीर का विच्छेद करना, 51 शक्ति पीठों का वर्णन, नारद जी को एक पल भी कहीं न ठहरने का श्राप तथा बाबा भोले नाथ किसको कथा में बुलाते हैं। शिवजी द्वारा तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म करना और रति को वरदान देना तथा माया के बारे में विस्तार से बताया और बचने की नसीहत दी। पं. दुबे ने कहा कि माया तू बड़ी मोहिनी.... जिससे तीनों देव भी न बच सके। शिवजी का अगस्त्य मुनि के पास कथा श्रवण करने जाना। अगस्त्य मुनि द्वारा शिवजी का पूजन करना ,यह दृश्य देख सती माता का आश्चर्य चकित होना। भगवान राम को नर लीला करते देख माता सती को माया वश होकर संशय होना कि भगवान नहीं साधारण मानव है, समझ परीक्षा लेना और भोलेनाथ द्वारा सती त्याग का वर्णन,सुंदर शिव पार्वती विवाह की झांकी का पूजन हुआ। मुख्य यजमान मोहन निषाद,गीता निषाद द्वारा कन्यादान का संस्कार संपन्न किया गया। जब असाध्य रोग पीड़ा, कर्ज, शत्रु , सताए तब शिव कथा मंडप , शिवालय के मंदिर प्रांगण की रज मिट्टी को प्रणाम कर घर लाकर विधिवत पूजन कर अपने आंगन या पूजा घर में रखें तो सब कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। 5 वें दिवस की कथा में अपार भीड़ के चलते राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में पैर रखने की जगह नहीं बची। पूरा प्रांगण खचाखच भरा हुआ था।




### अन्य प्रदेशों से भी आ रहे श्रद्धालु

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति नवापारा द्वारा आयोजित कथा में व्यास पीठ पर विराजे 10 वर्षीय बालव्यास कृष्णा दुबे महाराज बहुत ही सहज सरल भाव से कथा सुना रहे हैं। मंगलवार को कथा में रायपुर, तिल्दा, उड़ीसा,चंपारण ,टीला, कुम्हारी ,परखंदा, कुरूद ,मेघा अभनपुर ,फिंगेश्वर आदि स्थानों से भक्तगण बाल व्यास की एक झलक देखने उमड़ पड़े कि इतना छोटा बालक कैसे 3 से 4 घंटे बैठकर कथा सुना रहे। थोड़ी-थोड़ी देर में पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा है।

### 12 मतों से अविश्वास प्रस्ताव पारित, विपक्ष में पड़े तीन, नपाध्यक्ष की कुर्सी हुई खाली

**महासमुंद/सरायपाली।** जिले के सरायपाली नगर पालिका में भाजपा के 9 पार्षद होने क बावजूद अब तक कांग्रेसी अध्यक्ष पद पर बने रहे। प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही एक बार फिर सरायपाली नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया जो मंगलवार को 3 के मुकाबले 12 मतों से पारित हो गया। नपाध्यक्ष अमृत पटेल के खिलाफ भाजपा पार्षदों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 12 और विपक्ष में तीन मत पड़े। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद नगर पालिका से जय स्तंभ चौक तक आतिशबाजी कर भाजपा पार्षदों, पदाधिकारी और नेताओं ने जनता का अभिवादन किया। बता दें कि 8 दिसंबर को नगर पालिका सरायपाली के 15 पार्षदों में से 4 पार्षद हितेश यादव, हेमंत प्रधान, हेमवती यादव और लक्ष्मी चंद्रा ने नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने, परिषद की बैठक बुलाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सामाजिक संगठनों के लिए बने आयोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के समस्त सामाजिक संगठनों के लिए एक आयोग गठित किया जाना चाहिए। इससे सभी समाजसेवी संगठन अपने सेवाभावी कार्यों को शासन के साथ अन्य सामाजिक संगठनों से भी साझा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने पहुना में व्यक्त किए। इसी संदर्भ में ज्ञापन देते हुए काले ने कहा कि इससे शासन की अनेक जागरूकता योजनाओं को भी समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकेगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर खंगन, सचिव चेतन दंडवते, सहसचिव गीता दलाल, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, पारितोष डोनगांवकर, सुबोध टोले और रविंद्र ठेंगड़ी उपस्थित रहे।

### जल, जंगल, जमीन को बचाने हर लड़ाई को हमारा समर्थन



**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही जल, जंगल, जमीन खतरे में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि झूठे वादों के आधार पर बनी भाजपा सरकार ने अपने एजेंडे पर काम शुरू कर दिया है, जिसका पहला उदाहरण हमें हसदेव जंगल में देखने को मिल रहा है। जंगल में हो रही बेतहाशा कटाई की तस्वीर लगातार सामने आ रही है। श्री उपाध्याय ने हसदेव बचाने की हर मुहिम का समर्थन करने की बात कही। पूर्व विधायक श्री उपाध्याय ने अपने समर्थकों के साथ संविधान चौक बाबा भीमराव आंबेडकर की मूर्ति के पास हसदेव बचाने की मुहिम में आम लोगों से जुड़ने की अपील की। अपने समर्थकों के साथ उन्होंने मानव श्रृंखला बनाई। कार्यकर्ता अपने हाथों में हसदेव बचाओ मुहिम के बैनर-पोस्टर पकड़े हुए थे।

### डॉ. त्रिवेदी लीजेंड ऑफ यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित



**रायपुर।** देश के होम्योपैथी डॉक्टर्स का मिलन समारोह लखनऊ में हुआ। इसमें 20 से ज्यादा राज्यों से 2500 से अधिक होम्योपैथी के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर्स ने शिरकत की। समारोह में रायपुर के डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव के हाथों लीजेंड्री ऑफ यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए डॉ. त्रिवेदी ने डॉ. नीतीश दुबे व बर्नेट होमियोपैथी परिवार का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी चौबे, उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, लोकसभा सांसद पंकज सिंह, यूपी के मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, नवनीत सकेरा, कवि कुमार विश्वास, हरिओम पवार, सिंगर कैलाश खेर, पवन रंजन आदि उपस्थित थे।

# छग सराफा एसोसिएशन चुनाव में 60 संघों के महज 180 मतदाता चुनेंगे पदाधिकारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजधानी रायपुर में सात जनवरी को होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव करीब डेढ़ साल विलंब से अब जाकर नए साल में सात जनवरी को राजधानी रायपुर में होगा। एसोसिएशन के तीन पदों अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चयन प्रदेशभर के 60 सराफा संघों के 180 पदाधिकारी मतदाता करेंगे। इसके अलावा और किसी को मतदान का अधिकार नहीं होगा। मतदाता करने वाले संघों के लिए यह जरूरी होगा कि वे शुल्क जमा कर दें। शुल्क जमा न करने वाले संघों के पदाधिकारियों को मतदाना से वंचित होना पड़ेगा। इसी के साथ संविधान में बदलाव के लिए भी आमसभा में कुछ प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिली, तो संभव है कि इस बार महज अध्यक्ष का ही चुनाव हो। प्रदेश के तीन दशक से ज्यादा पुराने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में सीधे सदस्य को मतदान का अधिकार नहीं होता। इसमें प्रदेश के जो भी संघ हैं, उनके तीन पदाधिकारियों अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को ही मतदान का अधिकार रहता है। संघ बनाने के लिए यह जरूरी है जिस शहर में संघ बनाया जा रहा है, वहां पर कम से कम सात सराफा कारोबारी हों। अगर ऐसा नहीं है, तो आसपास के शहर, गांव से भी दूसरे कारोबारियों को मिलाकर संघ बनाया जा सकता है। प्रदेश में इस समय 60 स्थानों पर संघ हैं। इन संघों के ही पदाधिकारियों को मतदान करने का मौका मिलेगा।

### एक पद के चुनाव का प्रस्ताव

एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि इस बार चुनाव वाले दिन चुनाव से पहले होने वाली आमसभा में तीन पदों के स्थान पर एक ही पद अध्यक्ष का ही चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसी के साथ कार्यकाल को भी तीन के स्थान पर पांच साल किए जाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। अगर सभी की सहमति हुई, तो इसी बार से ही एक ही पद का चुनाव होगा।



फाइल फोटो

### एक संघ से तीन ही करेंगे मतदान

प्रदेश में हमारे जो 60 संघ हैं, उनमें से तीन पदाधिकारियों को मतदान का अधिकार है। मतदान होने की स्थिति में ये ही मतदान करेंगे।
- नरेंद्र दुग्गड़, महामंत्री, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### इस बार मतदान के आसार

एसोसिएशन के इतिहास में करीब एक दशक पहले बिलासपुर में हुए चुनाव में मतदान की स्थिति बनी थी, अन्यथा आमतौर पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हो जाता है। इस बार जो स्थिति बन रही है, उससे मतदान होना तय है। अध्यक्ष पद के लिए बिलासपुर से भी इस बार दावा सामने आ रहा है। इसी के साथ रायपुर के भी कुछ पदाधिकारी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। अन्य शहरों के कारोबारी भी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इस बार आपसी सहमति के आसार कम नजर आ रहे हैं।

- बूढ़ातालाब का भव्य नजारा दिखाने की योजना रद्द

ढांचा नहीं हटाया तो लोगों को आने-जाने में होगी दिक्कत

# क्रूज बिल्डिंग बनी नहीं, सड़क घेरकर तान दिया लोहे का ढांचा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लोहे के ढांचे की उपयोगिता पर सवाल
- विभागीय अफसरों ने साधी चुप्पी

बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण योजना में दानी स्कूल की दीवार से सटकर सड़क के बीचों-बीच क्रूज बिल्डिंग बनाने खड़ा किया गया लोहे का भारी-भरकम ढांचा किसी काम का नहीं रहा। अब इसके औचित्य को लेकर ही सवाल उठने लगा है, वहीं स्मार्ट सिटी में अफसरों ने इस पर चुप्पी साध ली है, जबकि बंद सड़क को आम जनता के लिए खोले जाने पर सड़क आवागमन बाधित करने वाले भारी भरकम स्ट्रक्चर को तोड़ना पड़ेगा, जो कि सरकारी पैसे की बरबादी का एक नमूना होगा। ऐसी नौबत इसलिए निर्मित हुई, क्योंकि क्रूज बिल्डिंग बनाने की योजना को स्मार्ट सिटी ने रद्द कर दिया है। अब न वहां क्रूज बिल्डिंग बनेगी, न ही कैफिटेरिया खुल पाएगा। राजधानी के बूढ़ातालाब से चांदनी चौक को जोड़ने वाली बंद सड़क को दोबारा खोला जा रहा है। बंद सड़क को दोबारा खोलने में एक बड़ी अड़चन निर्माणाधीन क्रूज बिल्डिंग के लिए तैयार किया गया लोहे का भारी भरकम ढांचा है, जिसे सड़क के बीच कंक्रीटीकरण करते हुए खड़ा किया गया है। अब यह ढांचा किसी काम का नहीं रहा, क्योंकि हाइकोर्ट से आए फैसले के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी ने बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण फेज 2 में क्रूज बिल्डिंग बनाने योजना को ही रद्द कर दिया है।

विदित हो, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित ठेकेदार ने परिक्रमा पथ के पाथवे में लगाए गए पेवर उखाड़कर सड़क समतल करने का काम शुरू कराया है, वहां पर कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी। इसी तरह बूढ़ापारा दुर्गा मंदिर के पास बिजली ट्रांसफार्मर लगे चिल्र्डन पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूलों को वहां से हटाकर खाली जगह में शिफ्टिंग कराने मजदूर लगाए गए हैं। इस काम में 40 लाख रुपए खर्च होंगे।

### उपयोगिता अब तक तय नहीं

वहां केवल लोहे का ढांचा ही सरकारी पैसे की फिजूलखर्ची बयां कर रहा है। इसकी उपयोगिता रायपुर स्मार्ट सिटी के अफसर अब तक तय नहीं कर सके, जबकि पखवाड़ेभर के अंदर बंद सड़क को स्कूली छात्राओं और आम जनता के लिए खोला जाना तय है। रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी के आला अधिकारियों को इसके लिए पहले ही निर्देशित कर रखा है।

# नए वर्ष में शहर के 20 अलग-अलग स्थानों पर बनेंगे चेक पाइंट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नव वर्ष पर हुड़दंग करने वाले, नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- बड़े आयोजनों और चौराहों पर रखी जाएगी सीसीटीव्ही कैमरे से नजर

नए वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजनों को देखते हुए कलेक्टर ने सोमवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा करने बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुलिस के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजन को हर हाल में रात सवा 12 बजे तक बंद कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है।

कलेक्टर ने पुलिस को तेलीबांधा, वीआईपी रोड, नया रायपुर जैसे इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के साथ निरंतर गश्त करने के लिए कहा है। साथ ही चौराहों पर जमावाड़ा लगाने वाले तथा बाइक में ट्रिपलिंग, तेज हार्न बजाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कार्यक्रम आयोजित करने वालों को मापदंड के अनुरूप आतिशबाजी करने के लिए कहा है। पुलिस अफसरों ने कलेक्टर को अपनी तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि शहर में ड्रंक एंड ड्राइव करने वाले तथा हुड़दंग करने, कानून के विपरीत कार्य करने वालों पर नजर रखने तथा कार्रवाई करने शहर में अलग-अलग जगहों पर 20 चेक पाइंट बनाए हैं। सभी चेक पाइंट पर ड्रंक एंड ड्राइव रोकने ब्रीथ एनालाइजर से जांच की जाएगी।

# बाघों की गणना के लिए फेस फॉर मॉनिटरिंग गर्मी और ठंड में लगाए जाते हैं ट्रैप कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अचानकमार, यूएसटीआर में साढ़े सात सौ ट्रैप कैमरे लगाए गए
- ट्रैप कैमरे में बाघों के अलावा अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की गणना की जाती है

टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की गणना के लिए वर्ष में दो बार ठंड तथा गर्मी में फेस फॉर मॉनिटरिंग के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं। राज्य के दो टाइगर रिजर्व अचानकमार तथा उदंती-सीतानदी में साढ़े सात सौ ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ की जगह अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीव ट्रैप किए गए हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति अचानकमार टाइगर रिजर्व है।

वन अफसरों के अनुसार फेस फॉर मॉनिटरिंग दो माह चलेगा। इससे जंगल में रह रहे वन्यजीवों की गणना करने में मदद मिलेगी। अफसरों के अनुसार ट्रैप कैमरा ग्रेड के हिसाब से लगाए जाएंगे। ट्रैप कैमरा लगाने का काम तीन से चार चरणों में होगा। ट्रैप कैमरा किसी लोकेशन में एक सप्ताह लगाने के बाद उसे दूसरी जगह शिफ्ट कर वनों में रह रहे वन्यजीवों को ट्रैप करने के साथ उनके बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। इसके साथ ही ट्रैप कैमरे में कैद वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन करने उपाय किए जाएंगे।



### बाघों के लिए एटीआर आसरा

वन अफसर अचानकमार टाइगर रिजर्व में पांच से छह बाघ होने का दावा करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व में मध्यप्रदेश, कान्हा से भी बाघ माइग्रेट कर आते हैं। एटीआर में गुरु घासीदास नेशनल पार्क से रेस्क्यू किए गए मादा बाघ को एटीआर में छोड़े जाने के बाद आने वाले दिनों में उस मादा बाघ के माध्यम से बाघों की संख्या बढ़ने की वन अफसरों को उम्मीद है।

### उदंती में तेंदुए की संख्या बढ़ी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक ट्रैप कैमरे में अलग-अलग लोकेशन में तेंदुए ट्रैप हुए हैं। अफसर के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में तेंदुए की संख्या में इजाफा हुआ है। सुरक्षा कारणों से अफसर ने तेंदुए की संख्या बताने से इनकार किया है। इसके साथ ही अचानकमार टाइगर रिजर्व में इंडियन गौर (बायसन) अलग-अलग स्थानों पर ट्रैप हो रहे हैं।

# सवा करोड़ रुपए की ठगी के मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ठगी के आरोप में एक डायरेक्टर गिरफ्तार, दो अन्य की तलाश

विधानसभा थाना क्षेत्र में छह माह पूर्व वाटर ट्रीटमेंट करने वाले एक ठेकेदार से सवा करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद दो अन्य की तलाश तेज कर दी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक स्पेशल टीम बनाई है। स्पेशल टीम फरार आरोपियों की तलाश के लिए उनके मोबाइल नंबर के आधार पर लोकेशन की जानकारी जुटा रही है।

गौरतलब है, मेसर्स अंश इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स के संचालक अजय नायर ने कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कविश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता तथा विनोद कुमार मित्तल के खिलाफ जुलाई में ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अजय की शिकायत के बाद पुलिस ने कविश गुप्ता को दिल्ली से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। कविश से पूछताछ के आधार पर पुलिस को शेष अन्य दो आरोपियों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। उस जानकारी के आधार पर पुलिस ने ठगी के आरोपी हिमांशु तथा विनोद की पतासाजी तेज कर दी है।




### एसटीपी लगाने ठेका दिया था

पुलिस के मुताबिक कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टरों ने अजय को मध्यप्रदेश के चार अलग-अलग शहरों में एसटीपी निर्माण करने का ठेका दिया था। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अजय को उन कार्यों का ठेका दिया था, जो पहले से रद्द हो चुका था। इसके लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टरों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अजय को अपने झांसे में फंसाया था। काम कराने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर अजय को उनके काम के अनुरूप भुगतना न कर आधा अधूरा पेमेंट किया। बकाया रकम मांगने पर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने और दूसरी साइट पर चल रहे काम के बाद पैसा देने का झांसा देकर अजय की कंपनी को और दूसरे शहरों एसटीपी लगाने एग्रिमेंट किया।

### जानकारी जुटाने के बाद एफआईआर

पैसों के लिए लगातार टालमटोल करने और कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अन्य साइट पर काम चलने की बात कहने पर अजय ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के बारे में जानकारी जुटाई तब उन्हें अपने साथ ठगी होने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद अजय ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## ओडिशा, छत्तीसगढ़ के वन अफसर कर रहे बाघ की मॉनिटरिंग

# उदंती का बाघ गोमर्डा का हुआ, शिकार की तलाश में ओडिशा के रास्ते लगातार मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोमर्डा अभयारण्य में ओडिशा के रास्ते भटककर पहुंचे उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का बाघ एक पखवाड़े से गोमर्डा तथा ओडिशा के जंगल में मूवमेंट कर रहा है। वन अफसरों के मुताबिक गोमर्डा तथा ओडिशा के जंगल सटे होने की वजह से बाघ इधर से उधर हो रहा है।

अफसरों के अनुसार गोमर्डा में पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों की मौजूदगी से बाघ को अपने लिए शिकार की तलाश करने में कोई विशेष परेशानी नहीं हो रही। इस वजह से बाघ को गोमर्डा अभयारण्य पसंद आ गया है। जानकारों के मुताबिक ओडिशा तथा गोमर्डा अभयारण्य में बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में बाघों का कुनबा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि एक पखवाड़ा पूर्व बाघ को ओडिशा के सांभरदरहा (बारहपहाड़) जंगल से होते हुए गोमर्डा के झिंकीपाली में मवेशी का शिकार कर उसे खाते हुए ट्रैप कैमरा से ट्रैप किया गया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ के वन अफसरों ने इसकी जानकारी ओडिशा के वन अफसरों के साथ साझा करते हुए बाघ की मॉनिटरिंग शुरू की। बाघ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इस दौरान देखा गया कि बाघ जंगल के रास्ते ओडिशा तथा गोमर्डा अभयारण्य के बीच में विचरण कर रहा है। अफसरों के अनुसार बाघ गोमर्डा के अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण करते देखा गया है।


छत्तीसगढ़-ओडिशा के जंगल में टाइगर का नया कॉरिडोर, उदंती का गायब बाघ गोमर्डा में दिखा

बाघ के बार नवापारा महासमुंद होते हुए वापस उदंती आने की संभावना

गोमर्डा में एक दशक के बाद ट्रैप कैमरे में आया बाघ

### टाइगर के भटकने का यह कारण हो सकता है

वन्यजीवों के जानकार तथा वरिष्ठ पत्रकार प्राण चड्ढा के मुताबिक उदंती, ओडिशा के रास्ते होते हुए गोमर्डा पहुंचने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें प्रमुख कारण भोजन के लिए शिकार की तलाश। इसके अलावा व्यस्क होने की वजह से मेटिंग के लिए बाघिन की तलाश तथा बाघ जिस क्षेत्र में रह रहा था, उस क्षेत्र में उससे ज्यादा बलशाली बाघ होने पर नर बाघ अपने लिए नए टेरिटरी बनाने के लिए नए क्षेत्र में निकलता है।

### बाघिन की मौजूदगी से बन सकता है नया टेरिटरी

गोमर्डा अभयारण्य घना होने के साथ ही यहां पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव है। इस क्षेत्र के जंगल में शेड्यूल-1 के वन्यजीवों को शिकार की कभी कमी नहीं होती। इसके चलते विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके वाइल्ड डॉग के अलावा तेंदुआ तथा अन्य कई प्रजाति के मांसाहारी वन्यजीव गोमर्डा अभयराण्य में बहुतायत में है। जानकारों के मुताबिक क्षेत्र के जंगल में बाघिन की उपस्थिति से गोमर्डा तथा ओडिशा के जंगल में बाघ का एक नया टेरिटरी बन सकता है।

### पौने तीन सौ किलोमीटर के दायरे में फैला है

गोमर्डा अभयारण्य 278 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। गोमर्डा से बलौदाबाजार, महासमुंद के बीच स्थित बारनवापारा तथा ओडिशा से सटा हुआ है। बारनवापारा तथा गोमर्डा अभयारण्य का कुल क्षेत्रफल सवा पांच सौ किलोमीटर हो जाएगा। इस लिहाज से यहां बाघ की बसाहट के लिए अनुकूल परिस्थिति है। गोमर्डा के साथ बारनवापारा के जंगल में भी पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव हैं। वन अफसरों को कोशिश करना चाहिए की बाघ को गोमर्डा अभयारण्य में अनुकूल परिस्थिति मिलती रहे, इसके साथ ही बारनवापारा में पूर्ववर्ती सरकार ने जो बाघ बसाने का निर्णय लिया था, उसे तत्काल अमल में लाने की जरूरत है।

### वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा में छात्र छात्राओं ने लिया भाग

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का गोला फेंककर उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दी। यह जानकारी संस्था के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने देते हुए बताया कि इस स्पर्धा का परिणाम छात्र वर्ग-100 मीटर दौड़ में मनीष साहू और वंश वर्मा, 200 मीटर दौड़, मनीष साहू, अजय कुमार विजेता रहे।

पेज 9 का शेष...

### वीर बाल दिवस पर...

दल के अशोक दुबे, खेदुराम नेगी एवं प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में यशवंत बघेल सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर उपस्थित थे। संस्था के बच्चों के द्वारा भाषण, गीत, कविता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकम के सम्बन्ध में रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यकम को विधायक एवं अन्य अतिथियों ने भी अपने ओजस्वी भाषण से सम्बोधित किया एवं कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन मो. जावेद मेमन प्रधानपाठक के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य बीएस नागेश के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में श्रीमती रामेश्वरी ध्रुव, गणेश बघेल, संतोष पटेल, गीता यादव, रामकुमार तारक, कुमारी सोनी कौशिक, सतीश दीवान, रूपेश यादव, सीमा ठाकुर, कौशिल्या नागेश का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### पिपरहट्टा में मनाया गया सुशासन दिवस

**पाटसिवनी पिपरहट्टा।** ग्राम पंचायत पिपरहट्टा में सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर गांव के अटल चौक में सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थितजन ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लखन दिवान, हनीफ खान,अशोक दिवान, परमेश्वर,योगेश्वरी ठाकुर,रामरतन बंजारा,मंथरा दिवान आदि लोग उपस्थित रहे ।

### परसुली में किसानों को बोनस पत्र का वितरण

**नर्रा।** कृषक सेवा सहकारी समिति परसुली में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस मौके पर बकाया धान बोनस 2014-15 एवं 2015-16 में बेचे गए किसानों के धान की बोनस राशि सीधे किसानों के खाते में अंतरित किया गया। परसुली में बोनस प्रमाण पत्र कृषकों को वितरण किया गया।

### ग्राम पंचायत परिसर की साफ-सफाई

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तृतीय दिवस परियोजना कार्य में स्वयं वकों द्वारा ग्राम रुमेकेल नवाडीह के सार्वजनिक नल का पानी निकासी नाली व ग्राम पंचायत परिसर की साफ सफाई की गई। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रवक्ता के रुप में आमंत्रित गायत्री शक्तिपीठ के उप जोन सह समन्वयक मनहरण साहू ने पर्यावरण को पुनर्जीवित करने उपाय एवं लाभ के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला समन्वयक बोधराम साहू ने देव संस्कृति विद्यालय के विद्यार्थी व एनएसएस के स्वयंसेवकों में समानता बतलाया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के स्कालर्स दुर्गेश नंदिनी, प्रियंका यादव,लक्ष्मी साहू ने स्ट्रेस मैनेजमेंट, अनुशासन व विश्व विद्यालयीन में छात्र-छात्रों की दिनचर्या के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण घनश्याम सेन, आनंद राम साहू, निमेश्वर चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, लता भोई, फलेश दीवान व सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल के पांच स्काउट राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में सफल

महासमुंद। भारत स्काउ्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के पांच स्काउट राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर में आयोजित राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी पांच स्काउट परीक्षा में सफल हुए। इसमें क्षितिज पांडेय, नीरज राव घाड़गे, लीलेश साहू, द्रोण टंडन, आकाश साहू शामिल है।

# सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री किसानों को बोनस देकर बना रहे आत्मनिर्भर : गजेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत छुईहा के तत्वावधान में सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल बिहारी की जयंती को 25 दिसंबर को अटल स्तंभ चौक में मनाया गया। वहीं सहकारी साख समिति चरौदा के लाभान्वित किसानों को उपार्जन केन्द्र में सुशासन दिवस के अवसर मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के खाते में डाले गए दो साल की लम्बित बोनस राशि डीडीटी भुगतान का प्रमाण पत्र सरपंच व भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा के हाथो दिया गया। सरपंच छुईहा भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा ने कहा की भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस मना रहे हैं। अटल जी के जीवन और व्यक्तित्व को हमारी युवा पीढ़ी एवं बच्चे जाने और जीवन में अमल करें। और आगे कहा कि मुख्यमंत्री बोनस देकर किसानों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। कार्यक्रम में सरपंच गजेश्वर सिन्हा, मोती तारक, रामलाल ध्रुव, परदेशी सिन्हा, कमला सिन्हा, सीमा ध्रुव नीलेश्वरी, श्रीराम सिन्हा, दयाराम ध्रुव, महेंद्र साहू, हीरामन सोनवानी, रतिराम यादव कमलाबाई, तुलेश्वर दीवान, पीतांबर निर्मलकर, गुलाब पटेल, डीहू राम पटेल, अभयराम सिन्हा संतु राम साहू, लिपिक हेमंत लाल साहू, लिपिक सह ऑपरेटर रूपेंद्र कुमार साहू, विक्रेता टिजाऊ राम सिन्हा एवं सहायक कर्मचारी रविंद्र ध्रुव ,सोमनाथ ध्रुव ,कामता सिन्हा , पुरानीक साहू, प्रद्युमन सिन्हा कांतू ध्रुवगणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अटल चौक में मनाई गई अटल बिहारी की जयंती



### ये हुए लाभान्वित

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चरौदा पंजीयन क्रमांक 1142 के समिति चरौदा सोसाइटी में बोनस वर्ष 14 -15 में 968 सदस्य एवं 15-16 में 966 दोनों वर्ष मिलाकर कुल बोनस राशि 2 करोड़ 82 लाख की राशि किसानों को प्राप्त हुआ है। जिसमें वर्ष 14-15 के दौरान देवेंद्र बहादुर पिता वीरेंद्र बहादुर को 189600 रुपए, नम्मू दीवान को 172800 रुपए, तुमलेश पिता फत्तेलाल को 127680 रुपए ,पुरुषोत्तम पिता बनऊ को 109920, छगनलाल पिता दर्शन को 89040 रुपए बोनस राशि मिला।

## कार्यक्रम : सांसद चुन्नीलाल व विधायक रोहित साहू सेम्हरतरा में हुए शामिल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसेवा को लेकर है समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- आमजन को योजनाओं का लाभ मिल सके अधिकारी सुनिश्चित करें

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा राजिम से लगे हुए ग्राम सेम्हरतरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सभी विभागों के योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। सभी अधिकारियों को योजनाओं का लाभ आमजन को मिल सकें इसके लिए सुनिश्चित करने की बात कही। मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसेवा के प्रति समर्पित यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर रहा है। ग्रामीण स्तर से लेकर उच्च स्तर तक हर आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही है, यह मोदी जी का महत्वपूर्ण विजन है।



### ड्रोन के माध्यम से दवा छिड़काव का प्रदर्शन

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि मोदीजी का गारंटी रथ गांव-गांव में दस्तक देते हुए लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं व विकासात्मक उपलब्धियों से अवगत करा रहा है। इस यात्रा में लोगों को सीधे रूप से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। यह मोदी की गारंटी है जो पूरा होकर रहेगी। इस दौरान अतिथियों ने शासन की योजनाओं के बारे में आमजनों को संबोधित कर बताया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से दवाइयों के छिड़काव की प्रदर्शन भी की गई।

### आत्मनिर्भर भारत बनाने की ली शपथ

संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं, अधिकारियों व आम लोगों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली। सभी ने एक सुर से



कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य नीरा साहू, सरपंच सुंदर साहू, किशोर साहू, प्रकाश साहू, बोधन साहू, पन्ना साहू, धीरेन्द्र साहू, इंद्रकुमार साहू, शंकर साहू, दिलीप साहू सहित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सुशासन दिवस पर कवि सम्मेलन व संगोष्ठी हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में साहित्यिक संस्था त्रिवेणी संगम साहित्य समिति के कवियों का कवि सम्मेलन व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन प्रारंभ होने के पूर्व सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, प्रसन्न शर्मा नेता प्रतिपक्ष व सब इंजीनियर यशवंत कुमार साहू व आमंत्रित कवियों के द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। पश्चात सभी आमंत्रित कवियों का नगर पालिका परिवार द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। कवियों के स्वागत पश्चात कवि सम्मेलन का आगाज हुआ। कवि किशोर निर्मलकर ने अपने सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मोहनलाल मानिकपन ने काव्य पाठ किया। अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश भी डाला। रामेश्वर रंगीला ने हास्य व्यंय से ओतप्रोत अपनी रचनाओं का पाठ किया। नरेंद्र पार्थ ने काव्य पाठ कर कवि सम्मेलन को ऊंचाई प्रदान की। युवा कवि तुकाराम कंसारी ने अटल बिहारी वाजपेयी पर केंद्रित रचना का पाठ किया। रोहित साहू ने छत्तीसगढ़ी में रचना सुनाकर श्रोताओं को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। रमेश सोनसायटी ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रसिद्ध रचना का पाठ कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर बाबी चावला पार्षद, टिंकू सोनी व नगर पालिका कर्मी सहित काफी संख्या में काव्य रसिक श्रोता गण,स्वच्छता दूत व सफाई कर्मी उपस्थित थे।



## अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का 17 ग्रामों में किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जामगांव मंडल में अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश एक साथ 17 ग्रामों मे वितरण किया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण राममय हो गया। लोगों ने जय श्रीराम का नारा लगाते हुए कलश का भव्य स्वागत करते हुए उसके वितरण कार्य मे शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मेवा लाल तारक, मिंजुन साहू, सरपंच अरुण साहू, शंभूसाहू, नसिंर्ग सिन्हा, अशोक साहू, चंदन साहू, वेदराम नंदे विहिप जिला संघठन मंत्री, मुकेश साहू विहिप प्रखंड मंत्री, सुरेश साहू विहिप जिला सहमंत्री, खिलेश्वर साहू, मनीष, संतु, उमराव,कृपा राम यादव, यशवंत, गोपेश साहू आदि उपस्थित थे।

# मैनपुर में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव के प्रदर्शन को देखने लगी किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकसित भारत संकल्प यात्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखण्ड मैनपुर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन की उपयोगिता देखकर सभी किसान व ग्रामीण उत्साहित हुए, नेशनल फर्टिलाईजर लिमिटेड के सौजन्य से राज्य शासन द्वारा जिले में एक ड्रोन आबंटित किया गया है। उप संचालक कृषि चंदन कुमार राय ने बताया कि ड्रोन से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सुक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित है, यह हवा में प्रदूषण को कम करता है साथ ही मृदा एवं पर्यावरण के लिये सुरक्षित है, ड्रोन से रसायनो का छिड़काव सामान रूप से होता है। इससे



फसलों को उर्वरक व दवाई की समान मात्र मिलती है। इससे फसलों की वृद्धि और पैदावार में सुधार होने के साथ–साथ समय की बचत होती है तथा लागत कम लगती है। कार्यक्रम में जमूना बाई पटेल, खोलुराम कोमर्रा, कुंवर सिंह, जगदीश गुप्ता, एनएस ध्रुव सहायक संचालक कृषि, भावेश शांडिल्य वरिष्ठ कृषि अधिकारी, शशिकांत पटेल, नंदलाल देव टिकम सिंह कपिल, प्रताप सिंह मरकाम, जीवन मरकाम, खोलुराम कोमर्रा, संजय देववंशी, हरचंद ध्रुव, उपेन्द्र, भोलाराम, कैलाश नागेश, महेंद्र नागेश, फगनूराम, खेलन दिवान, नरेश ठाकुर, पवन पटेल आदि उपस्थित थे।

# अटल के बनाए मार्ग पर दी सरपंच ने चलने की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बोडकी में भाजपा नेता सरपंच रामजी साहू के नेतृत्व में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। सरपंच ने कहा की अटल जी ने सर्वहारा वर्ग के लिए जीवन भर काम किया। हमें उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री आम आदमी और गरीब की हितो को ध्यान में रखकर योजना ला रहे हैं। इन्ही के विकास से प्रदेश और राष्ट्र मजबूत होगा। उपस्थित सभी जनों ने सुशासन की शपथ एवं स्वच्छता की शपथ ली। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पंचायत स्तरीय वृहद सामुदायिक स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन करते हुए श्रमदान स्वच्छता की संकल्प लिया गया। इस मौके पर सरपंच रामजी साहू उप-सरपंच नेतराम सिन्हा, सचिव गोवर्धनसेन, सावित्री, कुसुम, लक्ष्मी, चमेली, सुखमत, किशोरी, गोवर्धन, मैतुराम, उतरा, चित्ररेखा, सुदर्शन, हेमिन, वेदराम दिवान, नेतराम सिन्हा, चुम्मन साहू, होरीलाल साहू, बीजूराम, वेदराम साहू, भोजराम साहू, लेखन, सीतल नगारची, कुमार ध्रुव व ग्रामीण उपस्थित थे।

## रानीपरतेवा के अटल चौक में मनाया गया सुशासन दिवस

छुरा। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की 99वीं जन्म जयंती पर अटल चौंक बस स्टेंड रानीपरतेवा में केक काटकर सुशासन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रानीपरतेवा की सरपंच केशरी हेमलाल नेताम, उपसरपंच गिरधर निषाद, पूर्व सरपंच हेमलाल नेताम, पंच छगन निषाद, दानेश्वर सिन्हा, पूर्व



पंच सोमन गिर गोस्वामी ग्रामवासियों में थानु निषाद, सोनसाय निषाद, पतराम विश्वकर्मा, सोनु गिरी, कोमल गिरी, गोवर्धन निषाद, बल्ला निषाद, थानेश्वर सिन्हा, टंकेश्वर साहु, झुरू निषाद, कंवल सेन, सचिव इसाई राम धुवके द्वारा शपथ दिलवाया गया। इस दौरान गणेशु साहु, परमेश्वर साहु, सत्तु निषाद, प्रेमलाल सेन उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

फूलचंद अग्रवाल स्मृति कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

# नशा जैसी कुरीतियों को दूर करने लोगों को किया गया जागरूक

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय शिक्षा संकाय के तत्वावधान में विभाग प्रमुख डॉ. मनोज मिश्रा सर के निर्देशन एवं सामुदायिक गतिविधि प्रभारी प्रोफेसर नयना पहाड़िया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व एवं संचालन लोमस साहू बीएड प्रथम सेमेस्टर के सामुदायिक गतिविधियों के क्रम में ग्रामीण सर्व एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन नवापारा में किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य शोभा गावरी द्वारा शिक्षा संकाय एवं सभी प्रशिणार्थियों को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति के महत्व पर चर्चा की एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की आवश्यकता से जुड़े प्रमुख बातों से अवगत कराकर कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। बीएड प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियो नशा-मुक्ति एवं बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ, को रैली माध्यम से समाज में फैली नशा जैसे कुरीतियो से लोगों को जागृत



करने के लिए संदेश प्रशिक्षणार्थियों ने दिया। जिसमें नशा से संबंधित जिसने नशे को हाथ लगाया मौत ने उसको गले लगाया वीर भद्र, डोगेश्वर, एस कुमार, हर्षिता कहा नशे को दूर भगाना है, खुशहाली को लाना है। कुसुम साहू, देवीका इस तरह सेहत की तरफ ध्यान देने के साथ बेटी बचाओ के लिए जागरूक करने के लिए चौक चौराहा पर संदेश दिए जैसे की नए बदलते भारत में बदल लो अपनी सोच, बेटियां बनती है सहारा नहीं होती है बोझ। बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार। बेटी बचाओ और नशा मुक्ति पर नाटक-नुक्कड प्रशिक्षणार्थियो दिखाकर लोगों को समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बीएड के समस्त प्राध्यापक में प्रो. नयना पहाड़िया, लोमश साहू, सारिका साहू, आखिलेश शर्मा, तरुण साहू, चंद्रहास साहू, संतोष शर्मा एवं ज्ञान प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। सामाजिक गतिविधि गणेश्वरी साहू, पुष्पलता सिन्हा, रिया यादव,जितेंद्र साहू,जीवन साहू,कोमल अनुष्का, वैष्णवी, खुशबू, राजकुमार,गजेन्द्र देवांगन, पारसमणि, हर्ष साहू, वशिनी, प्रीति सिन्हा, दीपक सोनकर दिगेश्वर साहू प्रतिभा साहू, नंदनी साहू पायल तारक, संध्या मन्नाडे, स्टेला जोशी, प्रीतेश झारे, वीरभद्र साहू, छाया, दुर्गेश्वरी, युवरानी, उपासना, भुनेश्वरी, कुसुम सभी प्रशिक्षणार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम हुआ।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्पर्धिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : वीएसपी प्लाजा, मंगला चौक, उन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### किसानों का हित भाजपा सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता : नुरमती

**मैनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती और सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में 3716 करोड रूपये दो वर्ष का बकाय धान बोनस ट्रांसफर किया इसकी के साथ भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये एक प्रमुख वायदे को पूरा किया। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम जिडार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत मैनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष नुरमती मांझी ने किसानों को बोनस राशि का चेक वितरण किया और जनपद अध्यक्ष नुरमती मांझी ने कहा कि किसानों का हित भाजपा सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता है। अन्नदाताओं से किया गया एक बडा वायदा को आज छत्तीसगढ के भाजपा सरकार ने पुरा किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाउपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, मनोहर बघेल, दिलीप साहू, रामस्वरूप साहू, नंदनी नेताम, सरिता ठाकुर, तुलसी राठौर, महेश क"यप, विजय बहादुर परिहार, एसडीएम हितेश पिस्दा, जनपद पंचायत के सीईओ अंजली खलखों, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक दुष्यंत कुमार ईगले, त्रिलोक सेन, दिनेश कपील, भीखम मरकाम, महेश नेगी, गोपी नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत बघेल ने किया।

### सरकार ने हितग्राही किसानों का भौतिक सत्यापन ही नहीं करवायाः हफीज खान

**गरियाबंद।** भाजपा सरकार द्वारा जारी किये 2 साल के बोनस में भी धोखा है। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस हाफीज खान ने कहा कि सभी बकाया 12 लाख किसानों



को धान का बोनस नहीं मिला है। सरकार के पास वर्तमान में उस समय के किसानों की स्थिति का कोई डाटा ही नहीं है। बोनस के नाम पर गलत लोगों को फायदा पहुंचाने का षडयंत्र रचा गया है। भाजपा सरकार के द्वारा जारी किया गया 2 वर्ष का बोनस भी किसानों के साथ एक छलावा है। सरकार ने वर्तमान में किसानों की संख्या का भौतिक सत्यापन नहीं करवाया और जबकि 2014-15, 2015-2016 का बोनस दिये। जोकि घोषणा पत्र में 2016-17, 2017-18 को देना लिखा था। न ही 2015-2016, 2016-2017 के पंजीकृत खातों की वर्तमान स्थिति का पता करवाया ऐसे में पात्र सभी किसानों को बोनस की राशि मिलेगी इसकी गारंटी नहीं है।

# खेलकूद स्पर्धा से प्रशासन और जनता के बीच स्थापित होते हैं मैत्रीपूर्ण संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत थाना पायलीखंण्ड जुंगाड द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 21 कबड्डी टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान देवभोग के टीम ने हासिल किया। द्वितीय स्थान पर जांगडा व तृतीय स्थान पर झाराबहाल तथा चतुर्थ स्थान पर कोकडी के टीम ने जीत हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में गरियाबंद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल, अशोक कुमार एंव एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह, थाना प्रभारी जुंगाड रूपेन्द्र देंवागन विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने प्रथम विजेता टीम को 10 हजार रूपये एंव द्वितीय 07 हजार रूपये, तृतीय 05 हजार रूपये एंव चतुर्थ 03 हजार रूपये नगद राशि के साथ शिल्ड, कप तथा प्रमाण पत्र और खेल सामग्री का कीट वितरण किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने कहा कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है और शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास होता है। इस तरह के खेलकूद आयोजन से पुलिस, प्रशासन और जनता के बीच आपासी तालमेल बना रहता है और मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित होता है। खेल हमारे व्यक्तत्वि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है खेल के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते है उन्होने भविष्य में इस तरह के और खेलकूद प्रतियोगिता करवाने की बात कही है।

## पुलिस अधीक्षक ने कबड्डी विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



### कबड्डी हमारा प्राचीन खेल

ग्राम पंचायत तौरेंगा के सरपंच परमेश्वर नेताम, जांगडा मिथुला बाई, अमाड के सरपंच पुस्तक सिंह, उपसरपंच भानू सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कबड्डी हमारे प्राचीन खेलकूद प्रतियोगिता है और पुलिस विभाग द्वारा किया जाना निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है। जिसकी जितना प्रशंसा किया जाये कम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से रूपेन्द्र देंवागन, नीलू राम दीवान, सुरेश नेताम, निलेश कुमार, खमलेश्वर मरकाम, भुपेन्द्र ठाकुर, हेमंत, पंकज, नरेश निषाद, बनसिंह सोरी, केशरी राम कश्यप, मनोज कश्यप, टेकराम नागेश एंव कोदोमाली, जुंगाड, तौरेंगा, कोकडी, गरहाडीह, भैसमुडी, गोना, जांगडा, डुमरपडाव, गौरगांव, खोखमा, खाम्हारीपारा, पायलीखंण्ड, भाठापानी, बरगांव सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीण और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## आयोजन : दैवीय संपद स्कूल में आयोजित वीर बाल दिवस में शामिल हुए विधायक

# गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के दोनों छोटे बेटों साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता और अमर बलिदान को याद करने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा के अनुरूप 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन राजिम नगर के शासकीय दैवीय संपद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजिम रोहित साहू उपस्थित हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा सोनकर, जनपद सभापति सुगंधित बाई धृतलहरे, जनपद सदस्य दीपक साहू, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, भाजपा नेता बोधन साहू, पूर्व पार्षद मनोज देवांगन उपस्थित हुए। कार्यक्रम के पूर्व स्काउट के कैडेट्स के द्वारा सलामी दी गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने सर्वप्रथम दोनों वीर साहिबजादों जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान का पुण्य स्मरण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश धर्म की रक्षा के गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का शहादत सर्वोच्च बलिदान है। मुगलों के अत्याचारों के सामने उन्होंने पीठ नहीं दिखाई बल्कि उनका सामना किया और देश धर्म के लिए बलिदान देना सर्वोपरि समझा। उनके शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का देश के प्रधानमंत्री का निर्णय लेना साहिबजादों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायी है। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर के निषाद, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी अशोक पांडे, परियोजना अधिकारी छुरा चंदूलाल साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, प्राचार्य दैवीय संपद स्कूल द्विजराम ध्रुव, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल संजय एक्का, राजेंद्र पाल सिंह, सुभाष शर्मा, किशोर सहित सभी शिक्षकगण व बच्चे उपस्थित रहे।





### विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सुबह 10 बजे से ही विद्यालय प्रांगण में वीर सपूतों के बलिदान गाथा एवं मुगलों द्वारा किए गए अत्याचार के साक्ष्य इतिहास पर आधारित भाषण, कविता, वाद विवाद, प्रश्न मंच एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दैवीय संपद हायर सेकंडरी सहित पंडित रामविसाल पांडेय सेजेस हायर सेकंडरी एवं कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी ली। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमार पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी आर के निषाद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, कौशलेश संकुल समन्वयक द्वय धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सुभाष शर्मा, प्राचार्य द्वय डी आर ध्रुव एवं संजय एक्का के दिशा निर्देश में समस्त शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई। निर्णायक मंडल के सदस्य शिखा महाड़िक, अनुपमा ठाकुर, डहरिया, नरेंद्र देवांगन, लछेन्द्र साहू एवं नारायण लाल साहू ने बखूबी अपनी भूमिका निभाई। रेखा सोनकर ने अपने भाषण से बच्चों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को विधायक रोहित साहू द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अत्याचारों से झुके नहीं, देश-धर्म के लिए दिया बलिदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कोपरा स्कूल में आयोजित वीर बाल दिवस में शामिल हुए पूर्व सांसद

सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के दोनों छोटे बेटों साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता और अमर बलिदान को याद करने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोपरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चन्दू लाल साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू, विशिष्ट अतिथि संयोजक रूपनारायण साहू थे। कार्यक्रम के पूर्व स्काउट के कैडेट्स के द्वारा सलामी दी गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चन्दू लाल साहू ने सर्वप्रथम दोनों वीर साहिबजादों जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान का पुण्य स्मरण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश धर्म की रक्षा के गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का शहादत सर्वोच्च बलिदान है। मुगलों के अत्याचारों के सामने उन्होंने पीठ नहीं दिखाई बल्कि उनका सामना किया और देश धर्म के लिए बलिदान देना सर्वोपरि समझा। उनके शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का देश के प्रधानमंत्री का निर्णय लेना साहिबजादों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायी है। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के विकास खण्ड फिंगेश्वर परियोजना अधिकारी देवांगन, सरपंच योगेश्वरी साहू, मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चेतन पटेल, महेत्तर यादव, दिलीप वर्मा, दिनेश साहू, बसंत पटेल सहित सभी शिक्षकगण व बच्चे उपस्थित थे।







## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा : चंदूलाल

# किसान सम्मलेन में ब्लॉक के 8934 किसानों को 14 करोड़ 55 लाख बोनस का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन दिवस के अवसर पर नगर के कृषि मंडी में बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के 8934 किसानों को 14 करोड़ 55 लाख रुपए की बोनस राशि का भुगतान तथा 25 से अधिक किसानों को मौके पर ही बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश को भी सुना। वर्चुअली इसकी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू थे। विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, भीखू भाई मयाणी, केशव साहू, मुरलीधर सिन्हा, अजय रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के छायाचित्र में मल्यापर्ण कर किया गया। जिसके बाद सहकारी बैंक के अफसर ने किसानों को मिलने वाले बोनस को जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद चंदूलाल जी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा। वे कुशल राजनीतिज्ञ के साथ ही अच्छे कवि और ओजस्वी वक्ता थे। अटल जी ने हमेशा गरीबों और किसानों की चिंता की। उनका ध्येय था की शासन जनता के लिए कल्याणकारी हो। आज हमे गर्व है की उनके पद चिन्हों में चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही। आज मोदी की गारंटी भी पूरी होने जा रही। सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस का भुगतान हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन के आर निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुरलीधर सिन्हा, अनुप भोसले, घनश्याम सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, केशव साहू, भीखू भाई मयाणी, दीनदयाल सिन्हा, प्रहलाद ठाकुर, नंदा स्वामी, बिन्दु सिन्हा, तनु साहू, प्रतिभा हुमने, रेणुका साहू, जमुना गजभिए, वंश सिन्हा, धीरज तिवारी, दिनेश मयाणी सहित बड़ी संख्या में आमजन व किसान उपस्थित थे।

### प्रदेश में मोदी की गारंटी की शुरुआत

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है कि उन्होंनें मोदी की गारंटी पूरी करनी प्रारंभ की है। भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व संसदीय सचिव चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने वादा पूरा करते हुए किसानों के खाते में 3716 करोड़ से ऊपर की राशि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल की जयंती व सुशासन दिवस पर जमा कराई है। यह राशि किसानों के परिवार व छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की उन्नति में भी सहायक होगी। चौधरी ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल की जयंती और सुशासन दिवस पर भाजपा की केंद्र व नवगठित प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करने संकल्पित हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी को अमल में लाने की दिशा में भाजपा की प्रदेश सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है।






# बेटा बनकर चौबीसों घंटे करूंगा सेवा : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

- पहली बार चरौदा पहुंचे रोहित साहू का हुआ भव्य स्वागत

विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार ग्राम चरौदा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एंव आयोजन समिति ने भव्य स्वागत किया गया। विधायक ग्राम चरौदा में मानस प्रचार समिति एंव मानस पथिक परिवार द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय रामायण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि की आसंदी में आमंत्रित थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विधायक ने रामचरितमानस मानस ग्रंथ का पुजा अर्चना किया। आगन्तुक अतिथियों का मंच पर फुलमाला से स्वागत कर बांस की टोपी पहनाकर, भगवा वस्त्र देकर सम्मान किया। मुख्यातिथि की आंसदी से सम्बोधित करते राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि इस गांव में पहली बार आप ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया बतौर आज आपका बेटा विधायक बना है। आप ग्रामवासियों को कोटी कोटी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। बेटा बनकर चौबीस घंटा सेवा में तत्पर रहूंगा। कहा प्रभु राम हमारे अराध्य है। उनका जीवन हम सबको प्रेरित करता है। मोदी जी ने अयोध्या में राममंदिर निर्माण कराकर करोड़ों की रामभक्ति को साकार किया है। उन्होंने आगे कहा चुनाव में किये गये संकल्प पत्र एंव मोदी की गारंटी को पुरा करने की गांरटी को फिर से दोहराया। कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस को दो साल का बकाया बोनस 9 हजार प्रति एकड़ संबंधित खाते में ट्रांसफर किया है। यह राशि किसानों की बड़ी काम आयेगी। भाजपा हमेशा किसानों की हित में फैसला लेती है और उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान देखना चाहती है। यह भी कहा जिनकी खाता बंद या त्र्युटि है, सुधार बाद उनके खाते में राशि ट्रांसफर होगें। चुनाव में किये गये वादे प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्देश शासन की जारी हो गई है और 31 सौ रुपए दाम किसानों को एक मुश्त भुगतान देने, महतारी बंदन योजना के तहत 12000 रुपये हर विवाहित महिला को वार्षिक वित्तीय सहायता, समेत किए ये वादे संकल्प पत्र भारतीय जनता पार्टी ने घोषण मोदी की गारंटी की गांरटी है।

### इनकी रही उपस्थिति

मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, वरिष्ठ भाजपा नेता बोधन साहू, पुर्व सरपंच रामाधार साहू सेंदर, विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, इंदरमन साहू भैसातरा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गजेन्द्र निषाद, यूवा जोश मोर्चा राजु साहू, सरपंच प्रतिनिधि मनोज पटेल, यूगलकिशोर सिन्हा, चिन्ता राम सेन, रेवा साहू, किर्तन पटेल महेश साहू, ईतवारी सिन्हा, भागवत सिन्हा, श्यामाचरण सिन्हा, घनश्याम, भगवान सिंग, इंदु सिन्हा, पुनम ध्रुव, उपस्थित थे।